प्रदेश के खेल प्रशिक्षकों का मानदेय 15 हज़ार से बढ़ाकर 48 हज़ार करने की तैयारी

चर्चा में क्यों?

17 जून, 2023 को उत्तराखंड की खेल मंत्री रेखा आर्य ने देहरादून निदेशालय में हुई खेल विभाग की समीक्षा बैठक में खेल विभाग में संविदा पर कार्यरत् खेल प्रशिक्षकों का मानदेय भारतीय खेल प्राधिकरण की तर्ज़ पर 15 हज़ार से बढ़ाकर न्यूनतम 48 हज़ार रुपए करने की तैयारी का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये।

प्रमुख बिंदु

- खेल मंत्री ने कहा कि राज्य में कुछ खेल प्रशिक्षक पीआरडी जवानों से भी कम मानदेय पा रहे हैं। विभाग को पर्याप्त और अच्छे खेल प्रशिक्षक मिल सकें, इसके लिये साई की तर्ज़ पर इनका मानदेय बढ़ाए जाने का निर्णय लिया गया है।
- विदित है कि प्रदेश में लगभग 200 खेल प्रशिक्षक संविदा पर हैं। खासकर पर्वतीय ज़िलों में इनकी पिछले काफी समय से कमी है। इसकी एक वजह इनका बहुत कम मानदेय है।
- साई में खेल प्रशिक्षक को न्यूनतम 48 हज़ार रुपए मानदेय दिया जा रहा है। विभिन्न श्रेणियों के हिसाब से मानदेय दिया जाता है। इसी तरह खेल विभाग में भी मानदेय बढ़ाया जाएगा, लेकिन मानदेय के लिये जो अर्हता साई की है, वही अर्हता होनी चाहिये।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/preparation-to-increase-the-honorarium-of-state-sports-coaches-from-15-thousand-to-48-thousand